31/03/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

अरुणाचल प्रदेश में कल नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि के बाद भारतीय जनता पार्टी के दस विधायकों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। अरुणाचल प्रदेश में साठ विधानसभा और दो लोकसभा सीटों के लिए मतदान एक ही चरण में उन्नीस अप्रैल को होगा। साठ सदस्यीय अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में भाजपा के निर्विरोध दस सीटें हासिल करने के बाद अब शेष पचास विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा और एक सौ तैतीस उम्मीदवार मैदान में है। छह विधानसभा क्षेत्रों में एकल नामांकन पत्र दाख़िल किया गया है जबकि चार अन्य में विपक्षी उम्मीदवारों ने अपना पर्चा वापस ले लिया जिन दस विधायकों ने अपनी सीटें निर्विरोध जीत ली है, वे है मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू, उप मुख्यमंत्री चाउना मेन, तेची कासो, रातु तेची, हागे आपा, जिक्के ताको, डोंगरु सियोंग्जु, न्यातो दुकम, मुत्चु मिथि और दासांगलु पुल। वहीं दोनों संसदीय क्षेत्रों के लिए चौदह उम्मीदवार मैदान में है, जिनमें अरुणाचल वेस्ट संसदीय क्षेत्र के लिए आठ और अरुणाचल ईस्ट संसदीय क्षेत्र के लिए छह उम्मीदवार है।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सेन ने कहा कि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति को रोकने के लिए आदतन अपराधियों या ऐसे ट्रैक रिकॉर्ड वाले लोगों की पहचान कर उन्हें पुलिस द्वारा हिरासत में लिया जा रहा है।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आयोग मतदान से पहले राज्य में शत प्रतिशत आर्म्ड लाइसेंस जमा कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में तैतीस हजार से अधिक सशस्त्र लाइसेंस है और अब तक बीस हजार से अधिक जमा किए जा चुके है। श्री सेन ने यह भी बताया कि चुनाव की घोषणा के बाद तीस मार्च तक ग्यारह हजार छियालीस करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और अन्य सामान बरामद किए गए है। उन्होंने बताया कि अब तक छह सौ से अधिक अवैध हथियार जब्त किए गए है और प्रक्रिया अभी भी जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में एक साथ होने वाले मतदान के लिए अर्धसैनिक बलों की पैतालीस कंपनियों को तैनात किया गया है।

000000000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पूर्व उपप्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान **भारत रत्न** प्रदान किया। वयोवृद्ध नेता श्री आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें यह सम्मान दिया गया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व उप-राष्ट्रपति वैंकेया नायडू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और श्री आडवाणी के परिवारजन उपस्थित थे।

0000000000000000000

ईस्टर का पर्व आज पूरी दुनिया में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। मान्यता है कि क्रूस पर चढ़ाए जाने के बाद प्रभु यीशु आज के ही दिन पुनर्जीवित हो गए थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईस्टर पर भारत और विदेश में रहने वाले नागरिकों, विशेषकर ईसाई समुदाय को बधाई दी है।

अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रेम और करुणा का प्रतीक है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शुभकामना संदेश में कहा कि ईस्टर प्रेम, करुणा और क्षमा का पुनर्स्मरण कराता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आज ईस्टर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया संदेश में, श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि यह विशेष अवसर नवीनीकरण और आशावाद का संदेश संप्रेषित करेगा। उन्होंने मानव जाति के बीच एकता और शांति की कामना की।

000000000000000000000

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में आठ प्रतिशत या इससे भी अधिक की वृद्धि रहेगी। मुंबई में निवेश सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुद्रा स्फीति प्रबंधन और व्यापक आर्थिक स्थिरता के प्रभाव से  वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये अर्थव्यवस्था में इसी दर से वृद्धि की आशा है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें अक्तूबर से दिसम्बर तक की तिमाही में आठ दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि रही, जो इससे पहले की तिमाही में दर्ज सात दशमलव छह प्रतिशत की वृद्धि से आगे थी। उन्होंने कहा कि तीसरी तिमाही में आठ दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि दर के बाद विभिन्न आर्थिक संस्थाओं ने भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर अनुमानों को बढा दिया है।

0000000000000000000

मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के कुछ स्थानों में कल तक तेज बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। अरूणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में आज तेज बारिश की संभावना है। पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल के उप-हिमालयी क्षेत्र और सिक्किम में पांच अप्रैल तक गरज के साथ हल्की वर्षा हो सकती है।

0000000000000000000

सोलहवीं याचुली और सत्रहवीं जीरो-हापोली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और वेस्टर्न संसदीय सीट के लिए सामान्य पर्यवेक्षक सुनील कुमार यादव ने आज जिला सचिवालय, जीरो के गोल्डन जूबली हॉल में एक समन्वय बैठक की। बैठक में जनरल पर्यवेक्षक ने ई वी एम के रैंडमाइजेशन को अंतिम रुप देने, ई वी एम की उचित कार्यप्रणाली, अपेक्षित ई वी एम की उपलब्धता, मतदान के दौरान अपेक्षित पुलिस कर्मियों और मतदान के बाद ई वी एम को स्ट्रांग रुम तक सुरक्षित पहुंचाने सहित कई अशंकित मुद्दों को संबोधित किया। इस बीच, डी ई ओ विवेक एच पी ने बताया कि सोलहवीं याचुली विधानसभा क्षेत्र में कुल चौवालीस मतदान केंद्र है जिसमें से पच्चीस केंद्र महत्वपूर्ण है। डी ई ओ ने यह भी बताया कि सत्रहवीं जीरो-हापोली विधानसभा क्षेत्र के निर्विरोध होने के कारण याचुली में निष्पक्ष और सुचारु चुनाव कराने के लिए पर्याप्त ई वी एम और पुलिस कर्मी है।

0000000000000000000

केंद्रीय युवा मामला और खेल मंत्री के निर्देशन में मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के एक भाग के रुप में, देरा नातुंग राजकीय महाविद्यालय की एन एस एस इकाई ने कल मतदान जागरुकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। रैली में डी एन जी सी के लगभग सौ एन एस एस स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जो कॉलेज परिसर से शुरु होकर विवेक विहार होते हुए चंद्रनगर तिराहा और वापस परिसर में पहुंची। जनता के बीच मतदान और मतदान के अधिकार के महत्व पर संदेश फैलाने के लिए एन एस एस टीम ने ईटानगर के दो अलग अलग स्थानों विवेक विहार और चंद्रनगर तिराहा में 'वोटिंग करना बहुत जरुरी' पर नुकड़ नाटक भी प्रस्तुत किया।

0000000000000000000